## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 26.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

- नक्सलियों के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता, गुमला में मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को मार गिराया, कई हथियार भी बरामद।
- झारखंड हाईकोर्ट ने एपीपी परीक्षा के अभ्यर्थियों को दी बड़ी राहत, आयुसीमा की गणना तिथि एक अगस्त 2024 के स्थान पर एक अगस्त 2018 करने का दिया आदेश।
- झारखंड समेत देश भर में आज मनाया जा रहा है कारगिल विजय दिवस, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शहीदों को किया नमन।
- भारी बारिश से खूंटी–सिमडेगा मुख्य मार्ग पर पेलोल में बन रहा डायवर्सन पुल क्षतिग्रस्त, खूंटी और सिमडेगा के बीच संपर्क टूटा, सरायकेला और सिंहभूम में आज बारिश का रेड अलर्ट।
- रांची में आयोजित 24वीं झारखंड स्टेट फिडे रेटिंग चेस चैंपियनशिप में चार चक्रों के खेल के बाद प्रीतम, रोहन, तनिष्क और इशांत शीर्ष पर।

*********************

नक्सलियों के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान में सुरक्षा बलों को लगातार सफलता मिल रही है। इस कड़ी में आज सुबह गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र में झारखंड जगुआर और जिला पुलिस ने मुठभेड़ में प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के तीन सदस्य मारे गये। तीनों नक्सलियों के शव पुलिस ने बरामद कर लिये हैं। मौके से एक एके–47 और दो इंसास राइफल भी बरामद की गयी है। एसपी हरिश बिन जमा ने इसकी पुष्टि की है।

*********************

असिस्टेंट पब्लिक प्रॉसिक्यूटर–एपीपी परीक्षा को लेकर जेपीएससी द्वारा निर्धारित आयु सीमा के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर आज हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने चयन प्रक्रिया में 7–8 वर्षों की देरी को देखते हुए आयुसीमा की गणना की तिथि एक अगस्त 2024 के स्थान पर एक अगस्त 2018 करने का आदेश दिया है। साथ ही अदालत ने उन अभ्यर्थियों को आवेदन करने की अनुमति दी है, जो कट ऑफ डेट के कारण उम्र सीमा से बाहर हो चुके हैं।

*********************

झारखंड समेत देशभर में आज कारगिल विजय दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस 1999 में पाकिस्तान के खिलाफ हुए करगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने करगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा है कि यह अवसर हमें मां भारती के उन वीर सपूतों के अप्रतिम साहस और शौर्य का स्मरण कराता है, जिन्होंने देश के आत्मसम्मान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

*********************

इस बीच कारगिल विजय दिवस के मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उनके साथ तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने भी वीरगति को प्राप्त जवानों को नमन किया। युद्ध स्मारक पर शहीदों के परिजनों ने भी पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भी कारगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान करने वाले शहीद जवानों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

*********************

इधर, झारखंड में भी राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने करगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में राज्यपाल ने लिखा है कि विषम परिस्थितियों में मातृभूमि की रक्षा के लिए सैनिकों का पराक्रम, अटूट संकल्प व राष्ट्रभक्ति सदैव स्मरणीय रहेगा। मुख्यमंत्री ने देश की संप्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करने वाले वीर जांबाजों और उनके परिवारजनों को नमन किया है। वहीं बाबूलाल मरांडी ने लिखा है कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर सैनिकों के प्रति देश सदैव कृतज्ञ रहेगा।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*********************

जामताड़ा जिला स्थित श्याम मंदिर से कल रात अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए के जेवरात और नगद सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली। जामताड़ा एसपी राजकुमार मेहता ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए बताया कि मंदिर के गर्भगृह में चोरी हुई है। चोरों द्वारा बारिश का फायदा उठाकर इस घटना को अंजाम दिया गया है।

*********************

चतरा जिले के सभी थानों में सप्ताह में एक दिन थाना दिवस मनाया जाएगा। चतरा के पुलिस अधीक्षक सुमीत अग्रवाल ने कहा है कि आम जनता को बेहतर पुलिसिंग और मामलों के त्वरित निराकरण के लिए थाना दिवस आयोजित करने की पहल प्रारंभ की गई है।

*********************

पलामू जिले में स्वास्थ्य विभाग फाइलेरिया उन्मूलन के खिलाफ लड़ाई लड़ने में जुट गया है।

*********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत 91 हजार 2 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी प्रति किलो एक लाख 19 हजार रूपये है।

*********************

राज्य के सिमडेगा, लातेहार  और गढ़वा समेत कई जिलों में कल रात से लगातार बारिश हो रही है। इससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस बीच खूंटी–सिमडेगा मुख्य मार्ग पर पेलोल में  1 करोड़ 80 लाख की लागत से बन रहे डायवर्सन पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। इस वजह से खूंटी और सिमडेगा के बीच संपर्क टूट गया है। इस बीच मौसम विभाग ने सरायकेला–खरसांवा, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम जिले में आज भारी से बहुत भारी बारिश और वज्रपात का रेड अलर्ट जारी किया है।

*********************

झारखंड राज्य शतरंज संघ द्वारा आयोजित चार दिवसीय आदित्य बिरला मेमोरियल 24वीं झारखंड स्टेट फीडे रेटिंग चेस चौंपियनशिप–2025 के मुकाबले जारी हैं। दूसरे दिन चार चक्रों के खेल के बाद पूर्वी सिंहभूम के प्रीतम सिंह, रोहन विजय शाडिल्य, पश्चिमी सिंहभूम के तनिष्क कुमार, धनबाद के ईशांत कुमार शीर्ष पर रहे।

*********************